संक्षिप्त

बिना नंबर की बाइकों पर कार्रवाई की मांग

पावटा । कस्बे में बिना नंबर प्लेट और आधा नंबर लिखी बाइकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसी बाइकों का इस्तेमाल असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी, लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किए जाने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना नंबर व आधा नंबर की बाइकों पर सवार युवक बेखौफ होकर बाजारों, गलियों और मुख्य मार्गों पर घूमते नजर आते हैं, लेकिन पुलिस द्वारा इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और ईमानदार नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बेवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि विशेष अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट व आधा नंबर की बाइकों को जब्त किया जाए और संबंधित चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित चेकिंग कर कस्बे में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता जताई गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो आपराधिक घटनाओं में और बढ़ोतरी हो सकती है। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

विद्यार्थियों को सिखाई लैण्ड स्केपिंग की कला

भरतपुर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर एनएसएस के तत्वावधान में विद्यार्थियों को लैण्डस्केप बनाना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि ईंट, पत्थर, सीमेंट आदि से बना कोई भी भवन मरा हुआ होता है तथा पौधे लगाने से भवन प्राणवान बनता है। बिना पौधों के घर में बीमारियों का वास होता है इसलिए घर को जीवन्त व पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है। जगह की कमी हो तो गमले में पौधे लगायें। हमारे शास्त्रों में भी हर घर में कम से कम तुलसी का पौधा लगाना अनिवार्य किया गया है। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि लैण्डस्केप जमीन के किसी टुकडे या घर को पौधों से सजाने के कला है और इसमें ज्यादा धन की आवश्यकता भी नहीं होती, बस मन अच्छा होना चाहिए। पौधे लगाना पुण्य कार्य है। यदि व्यवस्थित ढंग से पौधे लगाए जाए तो घर की सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि पौधे हमारी जीवन रेखा है, पृथ्वी पर बिना पौधे के जीवन संभव नहीं है। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, भानुप्रिया पंकज, डॉ. आकाश तंवर, दीपक मीणा, राहुल मीणा सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

महासभा की बैठक आज

निवाई। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में 18 जनवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सुबह 11 बजे महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। बैठक में टोंक जिला एवं निवाई तहसील की संयुक्त इकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में छात्रावास परिसर में प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित अन्य सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

150 छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र बांटे

निवाई। लायंस क्लब के तत्वावधान में मानव सेवा के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौंला में नि:शुल्क जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के 150 विद्यार्थियों को सर्दियों से बचाव के लिए स्कूल ड्रेस के अनुरूप जर्सी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य लॉयन अशोक सर्राफ भामाशाह रहे। जिनकी ओर से जर्सीया वितरित की गई। कार्यक्रम में लॉयन महेंद्र जैन, लॉयन हनुमान जैन, लॉयन अंशुल जगतपुरा, लॉयन हुकमचंद जैन सहित कई सदस्यों ने भाग लिया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

निवाई राजमार्ग पर बाइक व ट्रक में भिड़ंत में युवक की मौत

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फिल्टर प्लांट के सामने वाले कट पर शनिवार की शाम को एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई व दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5:30 बजे निवाई निवासी तीन युवक बाइक पर

■ **दो गंभीर घायल, जयपुर रैफर**

सवार होकर माधोलाव तालाब से मछली पकडकर लौट रहे थे। इस दौरान फिल्टर प्लांट के सामने वाले कट पर एक ट्रक ने उनकी बाईक टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक लहूलुहान होकर सडक़ पर गिर पड़े। घटना की सूचना पर हाईवे पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को तुरंत निवाई के उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने राधा दामोदर कुंड निवासी सिराज उर्फ कालू नीलगर को मृत घोषित कर दिया। घटना में मालियों का मोहल्ला निवासी लोकेश खंगार व मानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार करके दोनों को जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक सिराज की मौत की खबर से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और ट्रक को जब्त कर लिया।

निवाई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फिल्टर प्लांट के सामने वाले कट पर एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।

गाजे बाजे से चढ़ाया निर्वाण लड्डू

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य के साथ पूजा अर्चना करते हुए भगवान आदिनाथ का गाजे बाजे के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाया।

कार्यक्रम मीडिया संयोजक सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि भक्तामर अनुष्ठान में प्रतिष्ठाचार्य पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तामर महामण्डल विधान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने बताया कि विधान में सोधर्म इन्द्र बनने का सोभाग्य निर्मल कुमार, राजेश कुमार झांझरी को मिला। उन्होंने बताया कि शहर के सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में भगवान आदिनाथ का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ा जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। जिसमे प्रेमचंद, ज्ञानचंद, सुशील कुमार एवं अनिल जैन सोगानी को मोक्ष लड्डू चढाने का सौभाग्य मिला।

स्किल एक्जीबिजशन कम कंपीटिशन

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वनस्थली में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं परिधान पहनावा एवं गृह सज्जा के अंतर्गत गतिविधि स्किल एक्जीबिजशन कम कंपीटिशन में विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रोजेक्ट मॉडल्स प्रदर्शित किए। इस दौरान मुख्य रूम से भूकंप संवेदक, व करंट सेफ्टी मॉडल का प्रदर्शन किया। स्किल एक्जीबिजशन में गणेश कटारिया मॉडल डिफरेंट टाइप इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह परिधान पहनावा एवं गृह सज्जा में छात्रा कविता बैरवा का मॉडल प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जयपुर के सुरेन्द्र कुमार शर्मा, एवं कौशल मित्र एवं उपाचार्य अनामिका शर्मा रहे।

कवि सूर्यदेव बारेठ का गुजरात में साहित्यकार सम्मान होगा

किशनगढ़ बास । खैरथल तिजारा और अलवर जिले के गौरव साहित्यकार कवि एवं राजनेता पद्मश्री सूर्य देव सिंह बारेठ का गुजरात के भावनगर में साहित्यकार समिति की और से 22 फरवरी को सम्मान किया जाएगा। यह साहित्यकार सम्मान प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मुरारी बापू के हाथों प्रदान किया जाएगा। बारेठ ने कहा यह मिलने वाला सम्मान उनके लिए प्रसन्नता के साथ इज्जत का होगा। साहित्यकार कवि सूर्य देव सिंह बारेठ अपने जीवन के 88 साल के सफर मे विभिन्न संस्थाओं विभिन्न पदों पर रहकर सैकडों लेख लिख चुके हैं। ढाई सौ से अधिक कवि सम्मेलन में हिस्सा ले चुके हैं और 45 से अधिक बार जिले में अलवर गौरव रत्न, प्रांतीय स्तर पर राजस्थानी रत्न एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1971 में राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री से सम्मानित होने का गौरव हासिल कर चुके हैं। विभिन्न देशों की यात्रा कर अपने क्षेत्र व गांव जिले का नाम रोशन किया है।

सूर्यदेव बारेठ

सूर्य देव सिंह बारेठ लम्बे समय तक वह और उनकी पत्नी नंदा देवी बारेठ किशनगढ़ बास पंचायत समिति के प्रधान पद पर रहे हैं। उन्होंने कहा 88 साल की उम्र के जीवन में ना तो मेरे ऊपर किसी ने मुकदमा किया है और ना ही मेने किसी पर मुकदमा किया है। जीवन में मेंने ईमानदारी और सादगी के पथ पर आगे बढ़ते हुए गांव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इज्जत और सम्मान पाया है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए बारेठ ने बताया कि

■ **कथावाचक मुरारी बापू के हाथों किया जाएगा बारेठ का भावनगर गुजरात में सम्मान**

गुजरात के महाकवि दुला भाई गांधी जी के समीप रहकर उनके साथ स्वतंत्रता की रचना किया करते थे। आजादी के बाद गुजरात के महाकवि दुला भाई को पद्मश्री अवार्ड मिला और उनके रहने वाले गांव का नाम कागधाम किया गया। महाकवि दुला भाई की स्मृति में भावनगर गुजरात में साहित्यकारों को सम्मान दिए जाने के लिए समिति बनी जो दुला भाई की स्मृति में साहित्यकारों का सम्मान कर रही है। साहित्यकार कवि सूर्य देव सिंह बारेठ ने कहा महात्मागांधी सबसे पहले साउथ अफ्रीका में एक महाजन की वकालत करने के लिए गए जहां उन्होंने स्वतंत्रता का आंदोलन शुरू किया।

मानवता व सेवा की भावना से कार्य करें : डॉ. शेखावत

कोटपूतली। जिला स्तर पर तीन दिवसीय पैलेटिव केयर का प्रशिक्षण सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया कि असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति की घर पर सुचारू देखभाल करने एवं उसके जीवन स्तर में सुधार करने के लिये 03 दिवसीय पैलेटिव केयर का प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया गया हैं।

उन्होंने प्रषिक्षणार्थियों को मानवता एवं सेवा की भावना से कार्य करने के लिये प्रेरित किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया ने बताया कि जो लोग असाध्य रोग से पीड़ित हैं तथा जिनकी समय पर असुविधा के कारण घर पर देखभाल नहीं हो पा रही है उनको स्वास्थ्य सुविधा एवं देखभाल के लिये पैलेटिव केयर की जायेगी।

बयाना में अनोखा चिड़ियाघर बनाया

बयाना भरतपुर (निस)। क्या कोई व्यक्ति पक्षियों से इतना प्रेम कर सकता है कि उनके लिए अलग से आशियाना बनवा दें । बयाना में यह सवाल अब हकीकत बन चुका है।

बयाना कस्बे के पास पक्षी प्रेम की एक अनोखी और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली है। बयाना से लहचोरा खुर्द मार्ग पर, कृष्ण गौशाला के ठीक सामने खेतों के बीच एक भव्य चिड़ियाघर का निर्माण किया गया है। इस चिड़ियाघर का निर्माण बयाना निवासी सतीश नारंग द्वारा कराया गया है, जो प्रकृति और पक्षियों के प्रति अपने प्रेम के लिए चर्चा में हैं।

सतीश नारंग ने बताया कि करीब 7 लाख रुपये की लागत से इस चिड़ियाघर का निर्माण कराया गया है। खास बात यह है कि इसे गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है, जिसे बनाने में लगभग दो महीने का समय लगा।

इस चिड़ियाघर में एक साथ करीब 2500 पक्षियों के रहने की व्यवस्था है।

■ **बयाना से लहचोरा खुर्द मार्ग पर, कृष्ण गौशाला के ठीक सामने खेतों के बीच एक भव्य चिड़ियाघर का निर्माण किया गया है**

यह सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि पक्षियों के लिए सुरक्षित और शांत आश्रय स्थल है। रोजाना पक्षियों के लिए गौशाला की छत पर नियमित रूप से दाना डाला जाता है, ताकि उन्हें भोजन की कोई कमी न हो।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहल न सिर्फ पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति संवेदनशील होने का संदेश भी देती है। सतीश नारंग का यह प्रयास साबित करता है कि अगर इच्छाशक्ति हो, तो इंसान और प्रकृति के बीच संतुलन को खूबसूरती से कायम रखा जा सकता है।

मौत को दावत दे रहे खुले ट्रांसफार्मर

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर में कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के बाहर खुले और असुरक्षित ट्रांसफार्मरों से बडा खतरा हो रहा है।

पूर्व सरपंच सतीश पांडे ने मुख्यमंत्री और जेवीवीएनएल अधिकारियों को पत्र लिखकर टूटी चारदीवारी और बिना गेट के कार्यालय परिसर की सुरक्षा सुधारने की मांग की है। आवारा पशुओं और इंसानों पर मंडरा रहे बिजली के इस काल को लेकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की पुरजोर गुजारिश की गई है। भुसावर कस्बा स्थित बस स्टैंड के समीप संचालित कनिष्ठ अभियंता कार्यालय इन दिनों एक बड़े खतरे का केंद्र बना हुआ है।

कार्यालय परिसर में स्थित विशालकाय और हाई-वोल्टेज बिजली के ट्रांसफार्मर खुले आसमान के नीचे असुरक्षित अवस्था में पड़े हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटित हो सकती है। कार्यालय की जर्जर चारदीवारी और मुख्य गेट पर फाटक या किसी भी प्रकार के अवरोध का न होना स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक

भरतपुर (निस)। प्रदेश कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शहर के ईदगाह कॉलोनी स्थित बाल्मिकी सामुदायिक भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बैठक आयोजित की गई।जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक प्रभारी रमेश धावाई एवं अशोक ताम्बी ने भाग लेकर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में वाल्मिकी समाज के लोगों को जागरूक किया। बैठक की अध्यक्षता शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी ने की। शहर प्रवक्ता दिगम्बर खटाना ने बताया कि इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा गांधी के नाम से डरती है इसीलिए मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाकर जीरामजी करके उसे भी धार्मिक उन्मांद फैलाने का आधार बना दिया।

जो राज्य पहले से ही अपने आधारभूत विकास के लिए केंद्र सरकार से पैसे की उम्मीद करते हैं उन्हीं राज्यों पर 40 प्रतिषत का अतिरिक्त भार डालकर मनरेगा कर्मियों के साथ धोखा और भ्रम

■ **नाम परिवर्तन के विरोध में केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

की स्थिति पैदा करने का प्रयास केंद्र सरकार कर रही है।कांठोस पार्टी इसका डटकर विरोध करेगी। संचालन इंजी जीवनलाल शर्मा ने किया । इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सतीश सोगरवल, पूर्व पार्षद चरण सिंह बाल्मीकि, राजेन्द्र सारस्वत, निरंजन जघीना, दिगम्बर खटाना, अजयपाल दारापुरिया,सुरेश पदयात्री, अभिषेक तिवारी, चंद्रकांत शर्मा, नदीम मलिक, वशीर खान,अवधेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण सैन, दिनेश सोगरवाल, अभिषेक चौंदवारी, हरिओम सारस्वत, पूनम शर्मा, उपेंद्र चंदेला, अमित गौरावर, राकेश पठानियां, कैलाश सारवान, कर्मवीर फौजदार, राकेश सोलंकी, शहीद खान, मानसिंह सैन, लखन सिंह, नरेश कुमार, मोनू, राजू सहित कांठोस जनों ने अपने विचार रखे।

भाजपा व आज़ाद पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

पावटा। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक निजी होटल में कांग्रेस पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व एवं पावटा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, जगदीश मीणा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओपी बायला, रामनिवास यादव, पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, अजय सैनी, राजीव डेहरवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विराटनगर व पावटा ब्लॉक कांग्रेस की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के राजनीतिक हालात, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसमस्याओं सहित बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की खास बात यह रही कि भाजपा व आज़ाद पार्टी से जुड़े कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा से आए पूर्व नगर अध्यक्ष व वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल मुकेश सिंह शेखावत बड़नगर, सवाई सिंह शेखावत बड़नगर, दुलीचंद जांगिड, महेंद्र ओला, रवि स्वामी,

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई।

अनिल सिंह शेखावत, विक्रम सिंह शेखावत, दाताराम यादव, अशोक वर्मा, मालीराम बुनकर, रामनिवास चोरिया, सोनू अग्रवाल, योगेंद्र सिंह, सतनारायण स्वामी, लोकेश स्वामी, मुकेश स्वामी, बलबीर यादव, संदीप शेखावत, मुकेश सिंह, मालीराम योगी, विकास पटवा, सुमित मंगल, जानकी अग्रवाल, सुरेश यादव, राकेश गवारिया, राजेश अग्रवाल, शंकर बंसल, विक्रम सारण सहित सभी नवप्रवेशी साथियों का माला पहनाकर व पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांठोस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो आमजन, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हितों की सच्ची लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जनसमस्याओं से मुंह मोड़े हुए है, जिससे जनता में भारी असंतोष है और इसी का परिणाम है कि अन्य दलों के कार्यकर्ता कांठोस से जुड़ रहे हैं। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया।

■ **भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल सहित कई लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन**

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने का आव्हान किया गया। इस दौरान एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर कांठोस पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। विधायक ने कहा कि एसआईआर के नाम पर आम मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है और बिना पूरी जानकारी दिए कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र पर हमला है। कांठोस पूर्व विधायक गुर्जर ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र पर दबाव बनाकर राजनीतिक लाभ के लिए एसआईआर की प्रक्रिया को गलत तरीके से लागू किया जा रहा है।

सार-समाचार

जाजैकला में जर्सी व स्वेटर वितरण

शाहपुरा । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजैकला में ठंड के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 8वीं तक सभी विद्यार्थियों को शुक्रवार को भामाशाह रोहिताश्व कुमार रूडला, ढाणी गोपालवासी, जाजैकला निवासी एवं रणवीर सेवा समिति के उपाध्यक्ष द्वारा जर्सी एवं स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य अमरसिंह जाट, मोहनलाल जाट, रामलाल कुशवाह एवं जाजैकला विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने भामाशाह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग

कोटपूतली । निकटवर्ती ग्राम मलपुरा निवासी नवरत्न पुत्र भवानी शंकर शर्मा ने जमीन पर कब्जा करने की नियत से डराने-धमकाने वाले मुल्जिमान के विरूद्ध कडी कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मेरी जमीन हाईवे से लगती हुई है, जिसका पूर्व खसरा नं. 842 हैं, जिसमें गेहूं की फसल काश्त कर रखी है। इस जमीन से लगता हुआ एक प्लॉट किसी अन्य का स्थित है, उक्त प्लॉट पर कुछ लोग कई दिनों से ट्रैक्टर, जेसीबी लाकर भरत कर रहे है एवं मेरी जमीन पर कब्जा करने की नियत से फसल को दबाकर बर्बाद कर रहे हैं। जब परिवादी की माताजी ने विगत दिनों इनको बार-बार कहा कि आप हमारी फसल नष्ट कर जमीन दबाने का प्रयास कर रहे हो तो उक्त लोग 3-4 दिनों तक लगातार फसल बर्बाद कर जमीन कब्जाने का प्रयास करते रहे। विगत 14 जनवरी को जब परिवादी की माताजी ने पुन: ट्रैक्टर चालक को ऐसा करने से रोका तो उसके बुलाने पर कुछ देर बाद दो काले रंग की गाड़ियों में करीब आधा दर्जन हथियारबंद बदमाष आये एवं मौके पर आते ही परिवादी की माताजी व चाची से गाली गलौच एवं मारपीट की। इसी दौरान हो-हल्ला करने पर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच बचाव करवाया। सूचना पर परिवादी समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो उक्त बदमाषों ने उन पर भी गाड़ी चढ़ाने की कोषिष की। जिससे भागकर पीड़ित पक्ष ने जान बचाई। दबंग पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गये। यही नहीं परिवादी को फोन पर भी जानमाल के नुकसान की धमकी दी गई। इस बाबत परिवादी स्थानीय पनियाला थाने में परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जबकि विपक्षियों की और से परिवादी व उसके परिजनों एवं स्थानीय सरपंच के विरूद्ध ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। ज्ञापन में बताया कि मौके पर रोजाना नये-नये नंबरों की गाडियों में सवार होकर आ रहे बदमाष जानमाल के नुकसान की धमकी दे रहे हैं। जिससे तनाव बना हुआ है एवं कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती हैं। ज्ञापन में पुलिस थाना पनियाला को रिपोर्ट दर्ज किये जाने के आदेष देने एवं कड़ी कार्यवाही की मांग की गई हैं। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हीरालाल गुर्जर, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, सुभाष गुर्जर, दिनेश कमाण्डेन्ट, रामेष्वर चेयरमैन, हनुमान गुर्जर, लीलाराम गुर्जर, हरदान पंच, पूरणमल भरगड़, राधेश्याम गुर्जर, मूलचंद शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, मदनलाल शर्मा, कुलदीप गौड़, लालचन्द यादव, छाजुराम शर्मा, धर्मेन्द्र योगी, जगदीश शर्मा, विरेंद्र कुमार नवल, मुकेश गुर्जर, कैलाश गुर्जर, षिम्भूदयाल, भोपाल गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

मुख्य मार्ग पर कीचड़ से परेशानी

निवाई। लुहारा ग्राम पंचायत से गांव हरभावता के मुख्य रास्ते में कई महिनों से कीचड़ भरा हुआ है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासी अशोक लांगडी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि हरभावता के मुख्य रास्ते में कई महिनों से कीचड़ भरा हुआ है। जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दुपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं सहित बुजुर्ग व महिलाएं प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं। कई बार लोग गिरते गिरते बचे हैं। ग्राम पंचायत में शिकायत के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त रास्ते में तत्काल मिट्टी डालकर समतलीकरण करवाकर पक्का निर्माण कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

विद्यार्थियों को जर्सिया बांटी

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में कक्षा 1 से 8 वीं तक के विद्यार्थियों को जर्सिया वितरित की गई।प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि विद्यालय के स्टाफ एवं भामाशाह के सहयोग से जर्सी वितरण की गई।

किसान महापंचायत की बैठक 20 को

निवाई। किसान महापंचायत के तत्वावधान में किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित होगी। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में 20 जनवरी को 12 बजे बैठक आयोजित होगी।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-9551 दिनांक-06.01.2026
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 162/148 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नी श्री योगेश चन्द शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1358 दिनांक 29.09.1999 को जारी किया गया। श्रीमती प्रेमलता शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 11.11.2011 को उप पंजीयक-द्वितीय जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती प्रेमलता शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 14.11.2011 के द्वारा श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री मोहन लाल को विक्रय कर उप पंजीयक द्वितीय जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती विद्या देवी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 12.04.2012 के द्वारा श्रीमती रेखा कुमारी पत्नी श्री सुरेश कुमार सिंघल को विक्रय कर उप पंजीयक-जयपुर-अष्टम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रेखा कुमारी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 07.09.2017 के द्वारा श्रीमती ललिता उर्फ चलती पत्नी श्री दिनेश चन्द गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती ललिता उर्फ चलती द्वारा उक्त आवास को दिनांक 13.02.2025 के द्वारा 1. श्री अंकित कुमार जिन्दल एवं 2. श्री पवन कुमार जिन्दल पुत्रान श्री दिनेश कुमार गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती 1. श्री अंकित कुमार जिन्दल एवं 2. श्री पवन कुमार जिन्दल पुत्रान श्री दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्री अंकित कुमार जिन्दल एवं 2. श्री पवन कुमार जिन्दल पुत्रान श्री दिनेश कुमार गुप्ता का नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन मैं GYANA DEVI मेरी एक पॉलीसी PNB METLIFE में है POLICY NO. 21745444 जिसमें मेरे पिताजी का नाम SARVAN LAL PRAJAPAT है तथा मेरे PAN में SHARWAN LAL KUMAWAT है एवं मेरे पति का नाम पॉलिसी में SAUJI RAM PRAJAPAT है तथा पेन व आधार में SHYOJI RAM है मेरा जन्म तिथी 03.02.1963 है एवं पॉलीसी में 05.03.1963 है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

नाम परिवर्तन मैं (SADDIK MOHAMMAD) पुत्र पीरूमोहम्मद टूमली का बास चाकसू। पोसपोर्ट K7335971 में (SADADIK MOHAMMAD) आधार पेनकार्ड में (SADDIK MOHAMMAD) हैं। (SADDIK MOHAMMAD) सही है। दोनों एक ही व्यक्ति है। मैं सद्दीक (SADDIK MOHAMMAD) से पहचाना जाता हूँ। जो सही सत्य है। इसमें असत्यता होती है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी होगी।

श्री गोविन्द गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
कार्यालय- गोविन्द नगर पश्चिम जनउपयोगी भवन, आमेर रोड, जयपुर
क्रमांक : 15/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक: 17.01.2026
समिति के जनउपयोगी भवन की छत का बजरपुट मरम्मत आदि कार्यो के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक ठेकेदार निविदा सम्बंधी कार्यो/शर्तो हेतु 15 दिन में कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं।
(नारायण सिंह राणावत)
अध्यक्ष
श्री गोविन्द गृ